थीम स्कूल ब्रोशर

ग्रेड: प्री-के से आठ तक

2019 - 2020 खुला नामांकन:

7 जनवरी, 2019 से 8 फरवरी, 2019 तक

स्कूल चॉइस की वेबसाइट:

http://dekalbschoolsga.org/school-choice

ऑनलाइन आवेदन करें:

* http://www.yourchoicedekalb.org

DeKalb County School District
SCHOOL CHOICE
(स्कूल चॉइस)

एलिमेंटरी स्कूल

* Edward L. Bouie, Sr.
* Marbut
* Narvie J. Harris
* Oakcliff
* Robert Shaw
* Wynbrooke

मिडिल स्कूल

* चैंपियन स्कूल

स्कूल चॉइस खुला नामांकन सहायता स्थान:

1192 Clarendon Avenue

Avondale Estates, GA 30002

7 जनवरी, 2019 से 8 फरवरी, 2019 तक

सुबह 9:00 से शाम 4:00 बजे तक

स्कूल चॉइस विलंबित नामांकन:

9 फरवरी, 2019 से 31 अगस्त, 2019

लॉटरी के नतीजे बताए जाने का समय: 22 मार्च, 2019 को शाम 5:00 बजे

थीम स्कूल जानकारी

थीम स्कूल	पता	स्कूल का समय	भ्रमण दिनांक और समय	थीम फ़ीडर स्कूल
Edward L. Bouie, सिनियर एलिमेंटरी स्कूल ग्रेड: Prekindergarten – 5	5100 Rock Springs Road Lithonia, GA 30038 (678) 676-8202	सुबह 7:45 से दोपहर 2:15 तक	17 जनवरी, 2019 सुबह 9:00 से दोपहर तक 24 जनवरी, 2019 सुबह 9:00 से दोपहर तक 31 जनवरी, 2019 सुबह 9:00 से दोपहर तक	Browns Mill ES Fairington ES Flat Rock ES Murphey Candler ES
Narvie J. Harris एलिमेंटरी स्कूल ग्रेड: Prekindergarten – 5	3981 McGill Drive Decatur, GA 30034 (678) 676-9202	सुबह 07:50 से दोपहर 2:15 तक	16 जनवरी, 2019 सुबह 9:00 बजे से सुबह 10:00 बजे तक 17 जनवरी, 2019 सुबह 9:00 बजे से सुबह 10:00 बजे तक	Chapel Hill ES Cedar Grove ES Oak View ES
Marbut Elementary School ग्रेड: Prekindergarten – 5	5776 Marbut Road Lithonia, GA 30058 (678) 676-8802	सुबह 07:30 से दोपहर 02:05 तक	10 जनवरी, 2019 सुबह 9:00 बजे से सुबह 10:00 बजे तक 17 जनवरी, 2019 सुबह 9:00 बजे से सुबह 10:00 बजे तक	Panola Way ES Redan ES Stoneview ES Woodridge ES
Oakcliff एलिमेंटरी स्कूल ग्रेड: Prekindergarten – 5	3150 Willow Oak Way Doraville, GA 30340 (678) 676-3102	सुबह 7:45 से दोपहर 2:15 तक	10 जनवरी, 2019 सुबह 9:00 बजे से सुबह 10:00 बजे तक 17 जनवरी, 2019 सुबह 9:00 बजे से सुबह 10:00 बजे तक	Dresden ES Pleasantdale ES Cary Reynolds ES
Robert Shaw एलिमेंटरी स्कूल ग्रेड: Prekindergarten – 5	385 Glendale Road Scottdale, GA 30079 (678) 576-6002	सुबह 7:45 से दोपहर 2:15 तक	11 जनवरी, 2019 सुबह 08:30 बजे से सुबह 09:30 बजे तक 18 जनवरी, 2019 सुबह 08:30 बजे से सुबह 09:30 बजे तक 25 जनवरी, 2019	Allgood ES Avondale ES Dunaire ES Hambrick ES Indian Creek ES Jolly ES McLendon ES Rockbridge ES Rowland ES
Wynbrooke एलिमेंटरी स्कूल ग्रेड: Prekindergarten – 5	440 Wicksbury Way Stone Mountain, GA 30087 (678) 676-5002	सुबह 7:45 से दोपहर 2:15 तक	16 जनवरी, 2019 सुबह 8:30 बजे से सुबह 10: 00 बजे तक 24 जनवरी, 2019 सुबह 08:30 बजे से सुबह 10:00 बजे तक	Pine Ridge ES Princeton ES Rock Chapel ES Shadow Rock ES
चैंपियन मिडिल स्कूल ग्रेड: 6 – 8	5265 Mimosa Drive Stone Mountain. GA 30087 (678) 875-1502	सुबह 08:50 से दोपहर 03:50 तक	15 जनवरी, 2019 सुबह 09:30 बजे से सुबह 11:00 बजे तक 16 जनवरी, 2019 सुबह 09:30 बजे से सुबह 11:00 बजे तक	सभी DeKalb मिडिल स्कूल

पारंपरिक थीम स्कूल का इतिहास

DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट का पारंपरिक थीम स्कूल प्रोग्राम 1996 में शुरू हुआ। यह माता-पिता और विद्यार्थियों के लिए एक शैक्षिक विकल्प के रूप में काम करता है, जो पिछले अकादमिक प्रदर्शन_ द्वारा प्रतिबंधित नहीं होता है। यह प्रोग्राम उच्च उम्मीदों, माता-पिता की भागीदारी और चुनौतीपूर्ण शिक्षण अनुभवों को आगे बढ़ाने की रुचि पर आधारित है। DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट में सात पारंपरिक थीम स्कूल हैं जिनमें Edward L. Bouie, Sr., Marbut, Narvie J. Harris, Oakcliff, Robert Shaw, Wynbrooke थीम एलिमेंटरी स्कूल और DeKalb काउंटी, जॉर्जिया के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित चैंपियन ट्रेडिशनल मिडिल स्कूल शामिल हैं।

पारंपरिक थीम स्कूल के घटक

एक पारंपरिक थीम स्कूल किसी समुदाय के भीतर एक ऐसा स्कूल होता है जो छात्रों और माता-पिता की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन की गई अनूठी विशेषताओं के कारण पड़ोसी स्कूलों के एलिमेंटरी विद्यार्थियों या पूरे स्कूल डिस्ट्रिक्ट में मिडिल स्कूल स्तर के विद्यार्थियों को आकर्षित करता है। पारंपरिक थीम स्कूल में विद्यार्थियों को उच्च संरचित सेटिंग में एक व्यापक, अंतःविषय शैक्षिक प्रोग्राम प्रदान किया जाता है। विद्यार्थी चुनौतीपूर्ण प्रोग्राम में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं जिसमें गृह अध्ययन प्रोजेक्ट्स और विश्व की भाषाओं के बारे में जानकारी शामिल हैं। क्रॉस-पाठयक्रम निर्देशात्मक दृष्टिकोण से अधिक शोध केन्द्रित असाइनमेंट और हैंड्स-ऑन प्रोजेक्ट पर ज़्यादा ध्यान दिया जाता है, जिनमें समस्या का समाधान करने वालीगहन सोच की आवश्यकता होती है। माता-पिता प्रोग्राम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं क्योंकि वे शिक्षण प्रोग्राम को सुदृढ़ करते हैं और स्कूल को सहायता प्रदान करते हैं।

पारंपरिक एलिमेंटरी थीम स्कूल के लिए फीडर स्कूल

पारंपरिक एलिमेंटरी थीम स्कूल में मुख्य रूप से उन स्कूलों से विद्यार्थी आते हैं जहां जगह की कमी है। उन तत्काल समुदाय में एलिमेंटरी स्कूल, एलिमेंटरी थीम स्कूलो के लिए फीडर स्कूलों की तरह काम करेंगे जहां राहत दिए जाने की सबसे ज़्यादा जरूरत है। अगर किसी फीडर स्कूल में कम नामांकन होता है, तो फीडर स्कूल थीम फीडर साइट के रूप में काम नहीं कर सकता है। यह निर्धारण प्रतिवर्ष किया जाता है थीम मिडिल स्कूल में DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट के सर्वत्र विद्यार्थी दाखिला लेते हैं।

पारंपरिक थीम स्कूल की खास विशेषताएं

- माता-पिता की भागीदारी आवश्यक है
- मुख्य विषयों पर जोर दिया जाता है
- उच्च अकादमिक मानक और अपेक्षाएँ
- विश्व की भाषाओं के बारे में जानकारी
- कठोर आचार संहिता
- यूनिफ़ॉर्म आवश्यक/सख्त ड्रेस कोड
- गहन सोच और समस्या समाधान पर जोर
- स्वचालित रीडिंग प्रोग्राम (एलिमेंटरी स्कूल)
- गर्मियों में आवश्यक पढ़ाई और गणित की गतिविधियाँ
- चुनौतीपूर्ण दैनिक होमवर्क आवश्यक है
- ट्यूटोरियल प्रोग्राम
- गतिविधि-आधारित निर्देश
- "एजेंडा" योजनाकार
- अंतःविषय निर्देश

पारंपरिक थीम स्कूल दिशा-निर्देश

- माता-पिता और विद्यार्थियों से एक साल के नामांकन प्रतिबद्धता की उम्मीद की जाती है
- स्वीकार किए जाने के बाद, विद्यार्थी को अपनी प्लेसमेंट बनाए रखने के लिए स्कूल के पहले दिन से उपस्थित होना होता है
- थीम स्कूल में नामांकित विद्यार्थियों के माता-पिता को माता-पिता की भागीदारी के घंटे पूरे करने होते हैं। अगर भाई-बहन को एलिमेंटरी स्कूल और थीम मिडिल स्कूल दोनों में एक साथ नामांकित किया गया है, तो माता-पिता को माता-पिता की भागीदारी सेवा घंटों के क्रेडिट प्राप्त करने के लिए प्रत्येक स्कूल में माता-पिता की भागीदारी का 50% पूरा करना होता है
- विधार्थियों को नामांकित थीम स्कूल कीं यूनिफ़ॉर्म पहननी होती है।
- निरंतर नामांकन थीम स्कूल के नियमों और आवश्यकताओं के अनुपालन पर आकस्मिक है जिसमें माता-पिता की भागीदारी सेवा घंटे और छात्र उपस्थिति शामिल हैं।
- अपनी क्षमता के अनुसार स्कूल के सभी वर्क असाइनमेंट पूरे करने होते है।
- नियमित रूप से स्कूल जाना होता है और समय पर पहुंचना होता है। अत्यधिक चेक-आउट नहीं होने चाहिए।
- स्कूल का दिन समाप्त होने के बाद या किसी अधिकृत स्कूल गतिविधि में भाग लेने के बाद कैम्पस से जल्द से जल्द निकलना।
- खुद को स्कूल के उपयुक्त तरीकों के अनुसार रखें।
- वर्तमान में नामांकित और अच्छी स्टैंडिंग वाले विद्यार्थी उसी थीम स्कूल प्रोग्राम में भाग लेना जारी रख सकते हैं।
- अगर थीम स्कूल प्लेसमेंट को अस्वीकार कर दिया जाता है या निर्धारित पंजीकरण तारीख तक नहीं भरा जाता है, तो विधार्थी को अगले खुले नामांकन अवधि के दौरान थीम स्कूल के लिए फिर से आवेदन करना होगा।

जब तक इन दिशा-निर्देशों को पालन किया जाता रहेगा, तब तक दाखिला लेने वाले विद्यार्थी सफल स्कूल अनुभव प्राप्त करते रहेंगे। इन शर्तों के पूरा नहीं कर पाने की स्थिति में, विद्यार्थी को अपने घर के उपस्थिति क्षेत्र के स्कूल में दखिला लेना होगा।

चयन प्रक्रिया का ओवरव्यू

पारंपरिक थीम स्कूल आवेदकों को स्वचालित चयन प्रक्रिया के माध्यम से चुना जाएगा। अगर उपलब्ध सीटों की तुलना में अधिक आवेदक हैं, तो जिन विद्यार्थियों का चयन नहीं हो पाता है, उन्हें प्रतीक्षा सूची में रखा जाएगा। अगर उपलब्ध सीटों की तुलना में कम आवेदक हैं, तो DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट थीम स्कूल में सभी योग्य आवेदकों को स्वीकार कर लिया जाएगा। इस स्थिति में, समय सीमा के बाद प्रस्तुत आवेदनों पर विचार किया जाएगा। स्वचालित चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद चयनित और प्रतीक्षा सूची में रखे गए आवेदकों को सूचना भेजी जाएगी।

थीम स्कूल में आवेदन करने की योग्यता

- सभी DeKalb, वर्तमान, निजी और होम स्कूल के विद्यार्थी, जो पांचवें ग्रेड के माध्यम से प्री-किंडरगार्टन में दाखिला लेंगे और चिन्हित थीम फीडर एलिमेंटरी स्कूल उपस्थिति क्षेत्रों में रहते हैं, लॉटरी में भाग लेने और नामित पारंपरिक थीम एलिमेंटरी स्कूलों में नामांकन के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। इन सभी का आवेदन की समय सीमा तक या उससे पहले स्कूल चॉइस ऑनलाइन आवेदन पूरा करके जमा करावाना आवश्यक है।

- सभी DeKalb, वर्तमान, निजी और होम स्कूल के विद्यार्थी जो ग्रेड 6, 7, और 8 में दाखिला लेंगे और DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट में रहते हैं, पारंपरिक थीम मिडिल स्कूल में नामांकन के लिए आवेदन कर सकते हैं। इन सभी का आवेदन की समय सीमा तक या उससे पहले स्कूल चॉइस ऑनलाइन आवेदन पूरा करके जमा करावाना आवश्यक है।

- अगर माता-पिता खुले नामांकन सत्र के दौरान विद्यार्थी के लिए थीम स्कूल में आवेदन करते हैं और अगर विद्यार्थी नामित थीम स्कूल में दाखिला लेने के योग्य है, तो थीम स्कूल में नामांकित छात्रों के भाई-बहन चयन प्रक्रिया के योग्य माने जाएंगे।

- अगर स्कूल अब फीडर स्कूल नहीं है, तो इस फीडर स्कूल के नए विद्यार्थियों को दाखिला नहीं दिया जाएगा: हालांकि, लौटने वाले विद्यार्थियों के भाई-बहन नामित थीम स्कूल में दाखिला लेने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

स्कूल के घंटे और स्कूल वर्ष

पारंपरिक थीम स्कूलों का ऑपरेशन समय और स्कूल कैलेंडर आम तौर पर स्कूल सिस्टम के जैसे ही होते हैं। वैकल्पिक विस्तारित दिन प्रोग्राम, गतिविधियां और ट्यूटोरियल उपलब्ध हो सकते हैं।

परिवहन

सबसे मौजूदा DeKalb काउंटी परिवहन नीति का पालन किया जाएगा। माता-पिता, कृपया ध्यान दें कि एलिमेंटरी थीम स्कूल के विद्यार्थियों के लिए परिवहन मौजूदा लागू प्रक्रिया के अनुरूप दिया जाएगा। एलिमेंटरी थीम स्कूल के विद्यार्थियों को नामित थीम स्कूलों के लिए उनके पड़ोस से परिवहन की सुविधा पहले की तरह मिलती रहेगी। चैंपियन थीम मिडिल स्कूल के लिए परिवहन की सुविधा वर्तमाम व्यवस्था के अनुरूप दी जाएगी। वर्तमान स्कूल वर्ष के दौरान, मिडिल स्कूल के विद्यार्थी चैंपियन थीम मिडिल स्कूल में परिवहन के लिए चयनित उपग्रह पिकअप स्थानों पर रिपोर्ट करेंगे।

थीम स्कूल के विद्यार्थियों के भाई-बहन

अगर वर्तमान में नामांकित विद्यार्थियों के माता-पिता उसी स्कूल में विद्यार्थी के भाई-बहन के नामांकन के लिए आवेदन करते हैं और सीटें उपलब्ध हों, तो उसी स्कूल में उनका नामांकन केवल प्री-किंडरगार्टन से 4, 6 और 7 ग्रेड के माध्यम से किया जा सकेगा। अगर भाई-बहन के प्लेसमेंट की सुविधा उपलब्ध न हो, तो हर भाई-बहन को प्रतीक्षा सूची में उसी क्रम में रखा जाएगा, जिसमें लॉटरी के दौरान विद्यार्थी का चयन किया गया है। **कृपया ध्यान दें कि यह प्रावधान प्री-किंडरगार्टन आवेदकों या विलंबित आवेदकों या उन भाई-बहनों के आवेदकों पर लागू नहीं होता है जो वर्तमान में ग्रेड 5 और 8 नामांकित हैं।**

एक ही स्कूल और ग्रेड स्तर के लिए आवेदन करने वाले भाई-बहन, जिनकी जन्मतिथि भी एक है, को अगर भाई-बहन में से किसी एक का चयन किया जाता है और सीटें उपलब्ध हैं, तो माता-पिता/अभिभावक के विकल्प के रूप में एक ही समय में किया जाने वाला प्लेसमेंट माना जाएगा । आवेदन पर "वर्तमान में थीम स्कूल के लिए आवेदन करने वाले भाई-बहन" इंगित करना और हर भाई-बहन के लिए मांगी गई जानकारी देना माता-पिता/अभिभावक की ज़िम्मेदारी है।

आवेदन पर भाई-बहन की किसी भी प्रकार की स्थिति को इंगित करने में विफलता, नामांकन के लिए आवेदन करने वाले सभी प्रकार के भाई-बहनों के लिए यह प्रावधान अवैध हो जाएगी। भाई-बहन को लॉटरी में नामांकन के लिए आवेदन करने वाले एकल विद्यार्थी के रूप में रखा जाएगा। भाई-बहन को प्राथमिकता दिए जाने की मांग करने के लिए, माता-पिता को एक ही मूल खाते से सभी भाई-बहनों के लिए अलग-अलग आवेदन भरना होगा।

इस प्रावधान के उद्देश्य से "भाई-बहन" उन्हें माना जाएगा जो उसी परिवार के सदस्य हैं और उसी घर में रहते हैं जिस घर के विधिक संरक्षक उनके माता-पिता हैं। कानूनी दस्तावेज प्रदान करना होगा।

पूर्णकालिक कर्मचारियों के बच्चे
निम्नलिखित प्रावधान केवल ऐसे बच्चे पर लागू होते हैं, जिनके संरक्षक माता-पिता या कानूनी अभिभावक डिस्ट्रिक्ट में पूर्णकालिक कर्मचारी के तौर पर काम करते हैं। ये प्रावधान प्री-के प्रोग्राम पर लागू नहीं होते हैं।

थीम स्कूलों और मैगनेट प्रोग्राम से संबंधित पैराग्राफ 3 और 4 के अधीन, एक बच्चा जिसके संरक्षक माता-पिता या कानूनी अभिभावक डिस्ट्रिक्ट में पूर्णकालिक कर्मचारी के तौर पर काम करते हैं, को उस स्कूल में जाने की अनुमति दी जाएगी, जिस स्कूल में उसके माता-पिता या कानूनी अभिभावक कार्यरत हैं; **या अगर बच्चे के पास डिस्ट्रिक्ट स्कूल में व्यक्तिगत शिक्षा प्रोग्राम ("IEP") है, जो बच्चे के IEP को उचित रूप से लागू कर सकता है**। बच्चे के नामांकन से पहले छात्र असाइनमेंट के कार्यालय को सूचित किया जाना चाहिए। डिस्ट्रिक्ट द्वारा परिवहन प्रदान नहीं किया जाएगा। ट्यूशन का भुगतान नहीं करना होगा, भले ही कर्मचारी और बच्चे दूसरे स्कूल डिस्ट्रिक्ट में रहते हो। यह विकल्प केवल स्कूल-आधारित कर्मचारियों के लिए उपलब्ध है।

थीम स्कूलों और मैगनेट प्रोग्राम से संबंधित पैराग्राफ 3 और 4 के अधीन, एक बच्चा जिसके संरक्षक माता-पिता या कानूनी अभिभावक डिस्ट्रिक्ट में पूर्णकालिक कर्मचारी के तौर पर काम करते हैं, को उस स्कूल के वर्टिकल फीडर पैटर्न के भीतर किसी दूसरे स्कूल में जाने की अनुमति दी जाएगी, जिस स्कूल में उसके माता-पिता या कानूनी अभिभावक कार्यरत हैं; **या अगर बच्चे के पास डिस्ट्रिक्ट स्कूल में व्यक्तिगत शिक्षा प्रोग्राम ("IEP") है, जो बच्चे के IEP को उचित रूप से लागू कर सकता है**। केंद्रीय कार्यालय के कर्मचारी, कर्मचारी के कार्य स्थल के वर्टिकल फीडर पैटर्न में स्थित फीडर पैटर्न स्कूलों में दाखिला ले सकते हैं। इस उप-अनुच्छेद में वर्णित अवसर का लाभ उठाने के इच्छुक कर्मचारी, अधीक्षक द्वारा जारी और प्रकाशित समय-सारिणी के अनुसार विद्यार्थी असाइनमेंट के कार्यालय को सूचित करेगा जो डिस्ट्रिक्ट और व्यक्तिगत स्कूलों की योजना आवश्यकताओं के लिए यथोचित ज़िम्मेदार होता है; इसके अलावा, इस तरह की समय सारिणी में नई नियुक्तियों को भी शामिल किया जाएगा, जो नियुक्ति की तिथि के आधार पर इस तरह के समय सारिणी के अनुपालन में होंगे और इस नीति के पारित होने की तिथि तक आवश्यक, 2019-2020 स्कूल वर्ष के लिए सभी पात्र वर्तमान कर्मचारियों को समायोजित करने के लिए, कार्यान्वयन के पहले वर्ष में इस तरह के समय सारिणी को समायोजित किए जाने के बाद भी इसका अनुपालन करेंगे। परिवहन डिस्ट्रिक्ट द्वारा प्रदान नहीं किया जाएगा। ट्यूशन का भुगतान नहीं करना होगा, भले ही कर्मचारी और बच्चे दूसरे स्कूल डिस्ट्रिक्ट में रहते हो इसके अंतर्गत फीडर पैटर्न स्कूल जाने की अनुमति पाने वाले विद्यार्थियों को स्कूल और डिस्ट्रिक्ट द्वारा स्वीकृत व्यवहार, उपस्थिति, और समय की पाबंदी के मानकों का पालन करना होगा ताकि उन्हें नामांकित करने की अनुमति दी जा सके।

इस प्रावधान के तहत थीम स्कूल में दाखिला लेने के इच्छुक बच्चों को लॉटरी में भाग लेना होगा और उस स्कूल में लागू होने वाली अन्य सभी प्रवेश प्रक्रियाओं का पालन करना होगा। परिवहन डिस्ट्रिक्ट द्वारा प्रदान नहीं किया जाएगा। ट्यूशन का भुगतान नहीं करना होगा, भले ही कर्मचारी और बच्चे दूसरे स्कूल डिस्ट्रिक्ट में रहते हो

थीम स्कूल आवेदन प्रक्रिया
निजी कंप्यूटर, किसी स्थानीय पुस्तकालय के कंप्यूटर का का इस्तेमाल करके **http://yourchoicedekalb.org**पर जाकर या **स्कूल चॉइस प्रोग्राम ऑफ़िस** में जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

समय सीमा के भीतर **आवेदन के साथ** सभी दस्तावेज़ों (निवास का प्रमाण, जन्म प्रमाण पत्र, रिपोर्ट कार्ड, आदि) की कॉपियां सबमिट/ अपलोड करके आवेदन पूरा करना माता-पिता/कानूनी अभिभावक की ज़िम्मेदारी है। आपके आवेदन को तब तक पूरा **नहीं** माना जाता है जब तक कि सभी सहायक दस्तावेज़ समय सीमा के भीतर स्कूल चॉइस ऑफ़िस में जमा नहीं कर दिए जाते। **सभी सबमिट किए गए दस्तावेज़ DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट की संपत्ति हो जाएंगे।**

DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट में नामांकन नहीं कर पाने वाले आवेदकों को निवास का प्रमाण (वर्तमान गैस, बिजली, पानी का बिल, बंधक विवरण या माता-पिता या कानूनी अभिभावक के नाम पर लीज़ अनुबंध) जमा करवाना होगा। **टेलीफ़ोन बिल, बैंक स्टेटमेंट, केबल का बिल आदि को निवास के प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट में नामांकन नहीं कर पाने वाले और पहले ग्रेड के माध्यम से प्रीकिंडरगार्टन के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों को आवेदन प्रक्रिया पूरा करने के लिए जन्म प्रमाण पत्र की प्रमाणित कॉपी देनी होगी।

DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट में नामांकन नहीं कर पाने वाले आवेदकों और जो वर्तमान में ग्रेड 1-7 में हैं, उन आवेदकों को आवेदन प्रक्रिया पूरा करने के लिए सबसे वर्तमान रिपोर्ट कार्ड की एक कॉपी जमा करानी होगी।

स्वचालित लॉटरी/चयन प्रक्रिया

अगर आवेदनों की संख्या किसी थीम स्कूल में किसी भी या सभी ग्रेड स्तरों के लिए उपलब्ध सीटों के फीडर स्कूलों की अनुमानित सीटों की संख्या से अधिक हो, तो थीम स्कूल के आवेदकों को DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेटिव एंड इंस्ट्रक्शनल कॉम्प्लेक्स में एक स्वचालित चयन प्रक्रिया के माध्यम से चुना जाएगा। नामांकन के लिए नहीं चुने गए आवेदकों को प्रतीक्षा सूची में तब तक रखा जाएगा जब तक कि सभी आवेदकों को सीट मिल नहीं जाती। **स्वचालित चयन प्रक्रिया में खराबी आ जाने की स्थिति में, स्वचालन चयन प्रक्रिया दोबारा प्रोसेस की जाएगी और नई चयन प्रक्रिया प्रोसेस किए जाने के बाद प्रारंभिक चयन या प्रतीक्षा सूची की संख्या बदल सकती है।**

सीटों का वितरण

एलिमेंटरी थीम स्कूल
प्रत्येक स्कूल वर्ष में प्रति थीम स्कूल, ग्रेड स्तर पर सीटों की कुल संख्या लॉटरी से पहले निर्धारित कर दी जाती है।

बोर्ड की नीति JBCC के आधार पर, पूर्णकालिक स्कूल आधारित कर्मचारियों के बच्चों को ग्रेड K-5 में सीट उपलब्ध होने पर दाखिला दिया जाएगा। अगर कर्मचारियों के सभी बच्चों के लिए सीटें उपलब्ध नहीं हों, तो आवेदकों को प्रतीक्षा में सूचीबद्ध किया जाएगा।

प्रत्येक एलिमेंटरी थीम स्कूल के लिए उपलब्ध सीटों की संख्या को फीडर स्कूलों के बीच जगह की कमी या बहुत अधिक नामांकन आने के कारण बहुत अधिक राहत की ज़रूरत वाले स्कूलों के आधार पर वितरित किया जाता है। ऐसे तीन पूल हैं जिनमें विद्यार्थियों को बेतरतीब लॉटरी चयन प्रक्रिया के दौरान रखा जाएगा। इसमें थीम स्टाफ, भाई-बहन और मुक्त शामिल हैं। प्लेसमेंट नहीं मिल पाने वाले किसी भी आवेदक को प्रतीक्षा सूची में उसी क्रम में रखा जाएगा, जिस क्रम में उन्हें बेतरतीब लॉटरी चयन प्रक्रिया के दौरान चुना गया था। ये चयन दिशा-निर्देश प्री-किंडरगार्टन प्रोग्राम पर लागू नहीं होते हैं।

मिडिल थीम स्कूल
प्रत्येक स्कूल वर्ष में प्रति ग्रेड स्तर पर सीटों की कुल संख्या लॉटरी से पहले निर्धारित कर दी जाती है।

बोर्ड की नीति JBCC के आधार पर, पूर्णकालिक स्कूल आधारित कर्मचारियों के बच्चों को ग्रेड 6-8 में सीट उपलब्ध होने पर दाखिला दिया जाएगा। अगर कर्मचारियों के सभी बच्चों के लिए सीटें उपलब्ध नहीं हों, तो आवेदकों को प्रतीक्षा में सूचीबद्ध किया जाएगा।

प्रत्येक एलिमेंटरी थीम स्कूल में छठे ग्रेड की उपलब्ध सीटों को स्कूल में बच्चों की कुल संख्या के बीच एक समान प्रतिशत में आवंटित किया जाएगा। सीटों की संख्या थीम मिडिल स्कूल के छठे ग्रेड में बच्चों की कुल संख्या का 50% होना चाहिए। होम मिडिल स्कूल के उपस्थिति क्षेत्रों में बाकी बचे उपलब्ध सीटों में से आधी सीटें छठे ग्रेड के मुक्त आवेदक को दी जाएंगी। 50% -50% आबंटन का उपयोग थीम सातवें और आठवें ग्रेड के आवेदकों को उनके मिडिल स्कूल होम उपस्थिति क्षेत्र में उपलब्ध सीटों में से आधी सीटों को भरने का विकल्प दिया जाता है। होम मिडिल स्कूल के उपस्थिति क्षेत्रों में बाकी बचे उपलब्ध सीटों में से आधी सीटें सातवें और आठवें ग्रेड के मुक्त आवेदक को दी जाएंगी। ऐसे चार पूल हैं जिनमें विद्यार्थियों को बेतरतीब लॉटरी चयन प्रक्रिया के दौरान रखा जाएगा। इसमें थीम स्टाफ, थीम विद्यार्थियों के वर्तमान में नामांकित भाई-बहन, पिछले थीम के विद्यार्थी और मुक्त आवेदक शामिल हैं। उपलब्ध थीम और मुक्त सीटें भाग लेने वाले मिडिल स्कूल के बीच वितरित किए जाते हैं। विषम संख्या में सीटें उपलब्ध होने पर; शेष सीटों को जगह की कमी या बहुत अधिक नामांकन के कारण राहत की सबसे अधिक ज़रूरत के आधार पर साइटों के बीच वितरित किया जाएगा। अगर आवेदनों की संख्या किसी थीम स्कूल में किसी भी या सभी ग्रेड स्तरों के लिए उपलब्ध सीटों के फीडर स्कूलों की अनुमानित सीटों की संख्या से अधिक हो, तो एक स्वचालित बेतरतीब लॉटरी/चयन प्रक्रिया आयोजित की जाएगी।

प्रतीक्षा सूची
सभी सीटें भर जाने के बाद, स्वचालित चयन प्रक्रिया के दौरान प्लेसमेंट के लिए नहीं चुने गए बाकी बचे आवेदकों को उसी क्रम में प्रतीक्षा सूची में रखा जाएगा, जिस क्रम में स्वचालित चयन प्रक्रिया के दौरान आवेदकों का नाम लॉटरी में आया था। अगर लॉटरी आयोजित किए जाने के बाद अतिरिक्त सीटें उपलब्ध हो जाती हैं, तो सीटें निर्धारित प्रतीक्षा सूची (प्रति ग्रेड स्तर, प्रति फीडर स्कूल) के आवेदकों को दी जाएंगी। प्रतीक्षा सूची थीम स्कूलों में आयोजित स्वचालित बेतरतीब लॉटरी/चयन प्रक्रिया की तारीख से **31 अगस्त, 2019** तक उपलब्ध रहेंगी। प्रतीक्षा सूची को स्कूल चॉइस प्रोग्राम ऑफ़िस में रखा जाएगा। विद्यार्थियों ! को **31 अगस्त 2019** के बाद दाखिला नहीं दिया जाएगा। **हालांकि, प्रतीक्षा सूची में शामिल प्री-किंडरगार्टन आवेदकों को पूरे स्कूल वर्ष में दाखिला दिया जाएगा क्योंकि Georgia प्रीकिंडरगार्टन प्रोग्राम के तहत हर राज्य के दिशा-निर्देशों के अनुसार सीटें उपलब्ध होती हैं।**

सूचना प्रक्रिया
थीम स्कूल लॉटरी में चुने गए आवेदकों को सूचना भेजी जाएगी। इस सूचना में माता-पिता को चयन पूरा करने के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं की जानकारी दी जाएगी। अगर किसी भी कारण से माता-पिता/अभिभावक नामांकन प्रक्रिया पूरा कर पाने में विफल हो जाते हैं, तो बच्चे का नाम कक्षा की सूची से हटा दिया जाएगा। निम्नलिखित दिशा-निर्देश स्कूल चॉइस प्रोग्राम में भाग लेने के लिए चुने गए सभी विद्यार्थियों पर लागू होंगे।

- अगर विद्यार्थी उस ग्रेड स्तर में नामांकन के लिए ज़रूरी प्रोमोशन की आवश्यकताओं को पूरा नहीं करता है जिसके लिए आवेदक का चुना गया है, तो विद्यार्थी की प्लेसमेंट रद्द कर दी जाएगी। वह सीट प्रतीक्षा सूची पर मौजूद अगले योग्य आवेदक को दी जाएगी।
- प्लेसमेंट को बनाए रखने के लिए विधार्थियों का स्कूल के पहले दिन निर्दिष्ट थीम स्कूल में उपस्थित होना आवश्यक है। खाली सीटों को प्रतीक्षा सूची मे मौजूद आवेदकों को दिया जाएगा।
- **31 अगस्त 2019** के बाद किसी भी नए छात्रों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। नहीं चुने गए विद्यार्थी 2020 - 2021 स्कूल वर्ष के लिए फिर से आवेदन कर सकते हैं। **प्रतीक्षा सूची में शामिल प्री-किंडरगार्टन आवेदकों को पूरे वर्ष दाखिला दिया जाएगा क्योंकि Georgia प्रीकिंडरगार्टन प्रोग्राम के तहत हर राज्य के दिशा-निर्देशों के अनुसार सीटें उपलब्ध होती हैं।** प्रतीक्षा सूची में रखे गए विद्यार्थियों को सूचना भेजी जाएगी, जिसमें **2019 - 2020** स्वचालित लॉटरी चयन प्रक्रिया के समय उनकी प्रतीक्षा सूची संख्या शामिल होगी। ऑनलाइन आवेदक स्कूल चॉइस प्रोग्राम ऑनलाइन खाते में लॉग इन करके अपनी प्रतीक्षा सूची की स्थिति देख सकते हैं।
- चयनित आवेदकों को प्रोग्राम पंजीकरण की समय सीमा के भीतर प्रोग्राम में दिए गए प्लेसमेंट को स्वीकार या अस्वीकार करना होगा।

अस्वीकरण

DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट (DCSD) इस प्रकाशन में किसी भी स्टेटमेंट को बिना किसी पूर्व सूचना या बाध्यता के बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है, जिसमें नियम, नीतियां, प्रक्रियाएं, प्रोग्राम के दिशा-निर्देश, तिथियां, पाठ्यक्रम और कोर्स शामिल हैं, लेकिन इन तक सीमित नहीं।

DCSD विषम परिस्थितियों के कारण किसी भी स्कूल चॉइस प्रोग्राम में विद्यार्थियों को सीट देने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

इस ब्रोशर को नहीं पढ़ पाने की वजह से माता-पिता और विद्यार्थियों को यहां वर्णित नियमों और आवश्यकताओं में कोई छूट नहीं दी जाती है।

यह DeKalb काउंटी बोर्ड ऑफ़ एजुकेशन की नीति है कि वह अपने शैक्षिक प्रोग्राम, गतिविधियों, या रोजगार प्रक्रियाओं में उम्र, लिंग, नस्ल, रंग, धर्म, राष्ट्रीय मूल, विकलांगता या अपंगता के आधार पर भेदभाव नहीं करता है।

DeKalb County
School District